

### बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने वालों पर पुलिस विभाग सख्त

# 35 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस होंगे निलंबित

**नवभारत न्यूज, पांढुरना,27अप्रैल,** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा सुनिश्ति करने के उद्देश्य से जिले में चलाएँ चलाए जा रहे हेलमेट अभियान के तहत लोगों को हेलमेट पहने जागरूक करने के साथ ही बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने वाले 35 लोगों पर चलानी कार्यवाहीं कर इनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया की जा रहीं है।

प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सडक् दुर्घटनाआं में कमी लाने एवं दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चि करने 26 अप्रैल से 10 मई 2026 तक चलाएं जा रहे प्रदेशव्यापी विशेष हेलमेट अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश के निर्देश तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्ष नीरज सोनी के मार्गदर्शन में पांढुरना जिले में भी लोगों को हेलमेट पहनकर ही बाईक चलाने के प्रति जागरूक करने इन दिनों विशेष अभियान चलाएं जा रहा है।



इसी के तहत सोमवार को नगर जिला मुख्यालय के बस स्टैंड़ परिसर में जिला पुलिस की यातायात प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा सहारे एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा लोगों को यातायात के प्रति जागरूक कर दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा ही हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया। वहीं इस अभियान में बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्यवाहीं कि जा रहीं है,हांला कि इस चालानी कार्यवाहीं को उद्देश्य केवल चालन करना ही नहीं बल्कि लोगों को सडक् सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक परिवर्तन लाने के साथ ही सडक् दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानी को रोकना भी है।

विभागीय सूत्रों की माने तो इस दौरान पांढुरना जिले के विभिन्न पुलिस थाने तथा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बिना हेलमेट पहने बाईक चला रहे 35 लोगों पर चालानी कार्यवाहीं करने के साथ ही इनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया भी कि जा रहीं है। जिसे देख अब अधिकांश बाइक सवार लोगों को हेलमेट पहनकर ही बाईक चलाते दिखाई दे रहे है।–

## गौ माता को राष्ट्रमाता को दर्जा देंने हिंदूवादी संगठन हुए एकजूट

### महामहिम राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज,पांढुरना,27अप्रैल,**गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कर,गौ हत्या पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने तथा गौ तस्करी करने वालों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग को लेकर आज विभिन्न हिंदूवादी संगठनों द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम संयुक्त कलेक्टर को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा। देश में लंबे समय से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की विभिन्न हिंदूवादी संगठनों द्वारा सरकार से मांग की जा रहीं है, लेकिन अब तक इस और सरकार द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं करते देख अब पूरे देश में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देंने विशेष पहल की जा रहीं है,इसी के चलते सोमवार को जिले के विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने नगर जिला मुख्यालय के कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम डिप्टी को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा,जिसमें गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने,गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ तस्करों को फांसी की सजा देंने के साथ ही जिस वाहनों में गौ तस्करी करते पकड़े जाते है ऐसे वाहनों को राजसात करने,गोवंश संरक्षण हेतू नीति निर्धारण सुनिश्चित कर कड़े कानून बनाने की मांग की है।इस आशय का ज्ञापन सौंपते समय बडी संख्या में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

## राष्ट्रव्यापी आव्हान पर जिले के भी खाद्,बीज की दुकानें रहीं बंद

**नवभारत न्यूज, पांढुरना,27अप्रैल,** खाद,बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं के राष्ट्रव्यापी संगठन के आव्हान पर सोमवार को पांढुरना जिले के भी सभी खाद,बीज विक्रेताओं ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रख प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को एक 12 सूत्रीय मांग पत्र का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा, साथ ही समय अवधि में मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में अनिश्चितकाल के लिए दुकानें बंद रखने की चेतावनी भी दी है।

देश में खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं पर विभाग द्वारा लगाए जा रहे विभिन्न तरह के प्रतिबंध तथा कार्यवाही के विरोध में राष्ट्व्यापी खाद्,बीज एवं कीटनाशक विक्रेता संघ के आव्हान पर सोमवार को पांढुरना जिले के सभी खाद,बीज की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं,वहीं दोपहर बाद पांढुरना कृषि आदान विक्रेता संघ के अध्यक्ष नितेश खानवे के नेतृत्व में नगर के राजा भोज प्रतिमा स्थल के पास स्थित जिला संगठन के कार्यालय से एक रैली निकाली गई,जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां संगठन द्वारा देश के प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को एक 12 सूत्रीय मांग पत्र का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा गया। वहीं आगामी एक माह में इन समस्याओं का उचित निराकरण नहीं होने की स्थिति में आगामी खरीफ सिजन के पूर्व सभी खाद,बीज के दुकानदारों द्वारा अनिश्चित काल के लिए अपनी-अपनी दुकाने बंद रखने की चेतावनी भी दी है।




इस आशय का ज्ञापन सौपते समय पांढुरना कृषि आदान विकेता संघ के अध्यक्ष निकेश खानवे,उपाध्यक्ष निकुंज शाह,आदित्य बोडखे,महामंत्री रूपेश राजगुरू,सचिव संजय क्षत्रिय,रूपेश बालपांड़े,आलोक नाहर सहित जिले के लगभग सभी खाद्,बीज के विकेता प्रमुख रूप से उपस्थित थे। –

## स्काई लाईन स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 27 अप्रेल .**स्काईलाईन स्कूल जाम में सीबीएसई के कक्षा दसवी का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पीईएसडब्ल्यूएस के मैटर एण्ड गाइड शरद खंडार, विशिष्ट अतिथि वाइस प्रेसिडेंट मनीषा खंडार, पूर्व प्राचार्य अर्चना मजूमदार, इंग्लिश एजुकेटर एवं मोटिवेशनल स्पीकर प्रतीक सरोदे, सीईओं अनिरूद्ध भागवत मंचासीन थे। मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुये वक्ताओं ने प्रेरणादायी उदबोधन दिया। प्रस्तावना रखते हुये प्रचार्य श्रीमती रश्मि पाणिग्रही ने बताया कि, इस वर्ष कुल 28 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्रापत किये है। वही सार्थक चौहान ने 94 .4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, आस्था ढाकरे द्वितीय एवं मृणमयी ढाकरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह सब बच्चों की मेहनत और विद्यार्थियों के परिश्रम के कारण संभव हो सका है। इस दौरान मेधावी छात्र सार्थक चौहान को स्व . विठ्ठलराव खंडार की स्मृति में दस हजार प्रोत्साहन राशी एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। वही पूर्व छात्रा डॉ कावेरी तायडे ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान अन्य छात्र छात्राओं का भी प्रमाण पत्र भेट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में छात्र-छात्रायें, पालक वर्ग एवं विद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित था।

## हा.से.परीक्षा में जिले में 12 वाँ स्थान प्राप्त करने पर जय शेंदरे का सत्कार



**नवभारत न्यूज ,सौसर 27 अप्रैल** – शासकीय प्रभावती मानेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सौसर के छात्र जय शेंदरे ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा में शानदार सफलता दर्ज की है। गणित विज्ञान संकाय के छात्र जय पिता सूर्य प्रकाश शेंदरे ने 94त्र अंक अर्जित कर जिले की प्रावीण्य सूची में 12वां स्थान प्राप्त किया है।

**सम्मान एवं सत्कार** : जय की इस गौरवमयी उपलब्धि पर यूथ ऑफ सौसर की टीम एवं वृक्ष मित्र अरुण ढाकरे ने उनका सत्कार किया। इस दौरान उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अरुण ढाकरे ने कहा, फ्दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत के आगे कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जय की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

**सफलता का श्रेय :** जय शेंदरे ने इसका श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और अपने गुरुजनों की मेहनत को दिया है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के सही दिशा-निर्देश और नियमित अध्ययन से ही वे इस मुकाम तक पहुँच पाए हैं।

**समाज में हर्ष की लहर** : जय की इस उपलब्धि पर बुनकर समाज द्वारा भी हर्ष व्यक्त किया गया है। समाज की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुखद एवं स्वर्णिम भविष्य की मंगलमय कामना की गई है।

## नाटक, युग प्रवर्तक डॉ.हेडगेवारके मंचन ने जगाई




### राष्ट्रभक्ति की अलख

**नवभारत न्यूज,सौंसर 27 अप्रैल** – राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्री स.ना. बाबाजी महाराज ग्रामस्थ आश्रम, लोधीखेड़ा में रविवार को एक भव्य नाटक युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार का मंचन किया गया। नागपुर की प्रसिद्ध नाद ब्रह्म संस्था द्वारा निर्मित इस नाटक के माध्यम से डॉ. हेडगेवार के राष्ट्र प्रथमके संकल्प और संघ की स्थापना के चुनौतीपूर्ण संघर्ष को सजीव रूप में पर्दे पर उतारा गया।

**दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ :** कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक रवि भुसारी, भाजपा पांढुर्णा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड, नाद ब्रह्म संस्था के अध्यक्ष व निर्माता पद्माकर धनोरकर एवं आश्रम संस्था के सदस्य ईश्वर ग्रामस्थ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**जीवंत अभिनय ने बांधा समां** : डॉ. प्रधान द्वारा लिखित और सुबोध सुरजीकर के निर्देशन में सजे इस नाटक में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. हेडगेवार के मुख्य पात्र में सतीश खेकाळे और गुरुजी की भूमिका में अमोल तेलपांडे ने अपने अभिनय से राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति और जनसेवा का जीवंत चित्रण किया। नाटक में डॉ. हेडगेवार के सामाजिक योगदान और संघ स्थापना के मूल उद्देश्यों को गहराई से दर्शाया गया है।

**गणमान्य जनों की उपस्थिति :** कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र ढाकरे ने किया। इस गौरवमयी अवसर पर दीपक जोशी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और राष्ट्रप्रेमी उपस्थित रहे। नाटक के अंत में दर्शकों ने

## बीएमओ के विरोध में लामबंद डॉक्टर और कर्मचारी पहुंचे पुलिस की शरण में, दी कामबंद आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत न्यूज सौसर 27 अप्रैल** – सौसर के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. योगेश शुक्ला के खिलाफ चल रहा विवाद अब और गहराता जा रहा है। विरोध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब यह मामला पुलिस की चौखट तक पहुंच गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में डॉक्टर्स और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने पुलिस थाने पहुंचकर बीएमओ के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।




**डॉ. पूजा कंगाले ने लगाया प्रताड़ना का आरोप**

मोहगांव में पदस्थ डॉ. पूजा कंगाले ने बीएमओ डॉ. योगेश शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें जानबूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है। डॉ. कंगाले ने सौसर पुलिस को सौंपी अपनी शिकायत में बीएमओ के व्यवहार पर आपत्ति जताते हुए उन पर कार्यवाही करने की मांग की है।

**कर्मचारी नेताओं का समर्थन, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी**

शिकायत दर्ज कराने पहुंचे डॉक्टरों के साथ कर्मचारी नेता भी मौजूद रहे। कर्मचारी संगठन और डॉक्टरों का स्पष्ट कहना है कि यदि शीघ्र ही डॉ. योगेश शुक्ला को बीएमओ के पद से नहीं हटाया गया, तो जिले भर के स्वास्थ्य कर्मचारी एकजुट होकर %कामबंद आंदोलन% शुरू करेंगे।

विभागीय कार्यों का हवाला दे रहे बीएमओ

वहीं, दूसरी ओर इस पूरे विरोध पर बीएमओ डॉ. योगेश शुक्ला का पक्ष अलग है। उनका कहना है कि वे केवल विभागीय अनुशासन बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ. शुक्ला के अनुसार, कई विभागीय कार्य लंबे समय से लंबित हैं और उन्हें समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देने के कारण ही कुछ लोग उनके खिलाफ एकजुट होकर विरोध कर रहे हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में चल रही इस खींचतान का सीधा असर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने की आशंका है।

## पीड़ित किसान के घर पहुंचे पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, प्रशासन से हर संभव सहायता का दिया आश्वासन

**नवभारत न्यूज सौसर 27 अप्रैल** – शहर के वार्ड क्रमांक 6 में विगत दिनों हुए भीषण अग्निकांड के बाद पीड़ित परिवार की मदद के लिए सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता बढ़ गई है। सोमवार को भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड ने प्रभावित परिवार से भेंट कर उन्हें इस दुखद घड़ी में संबल प्रदान किया।



**मवेशियों की मौत पर जताया गहरा दुख**

उल्लेखनीय है कि सुभाष घाटोडे के खेत में स्थित कोठे में अचानक लगी आग ने विकराल रूप ले लिया था। इस हृदयविदारक घटना में 12 मवेशियों की जलने से दर्दनाक मौत हो गई थी। साथ ही भारी मात्रा में रखा चारा, आवश्यक कृषि उपकरण और पूरा कोठा जलकर खाक हो गया, जिससे किसान परिवार को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।

**हर संभव सहायता का भरोसा**

पीड़ित परिवार से चर्चा करते हुए पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड ने कहा कि यह क्षति अपूरणीय है। उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए विश्वास दिलाया कि वे व्यक्तिगत और प्रशासनिक, दोनों स्तरों पर हर संभव सहायता सुनिश्चित करेंगे। मोहोड ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर पीड़ित परिवार को शासन के नियमानुसार शीघ्र अति शीघ्र उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

इस दौरान राहुल मोहोड के साथ मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, मनोनीत पार्षद गोलू वाडेकर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने प्रभावित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## सांदीपनि विद्यालय में नि :शुल्क साइकिल वितरण, छात्रों के खिले चेहरे



**नवभारत न्यूज सौसर 27 अप्रैल** – शासकीय सांदीपनि विद्यालय सौसर में सोमवार को शासन की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नाना भाऊ मोहोड की अध्यक्षता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

**सरस्वती पूजन से हुई शुरुआत**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत शाला प्राचार्य एवं उप-प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंचासीन अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

**शिक्षा के प्रति किया प्रोत्साहित**

अपने संबोधन में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड ने शासन द्वारा छात्रों के हित में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों की राह आसान होगी और वे अपनी पढ़ाई पर बेहतर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**45 विद्यार्थियों को मिली सौगात**

इस वर्ष विद्यालय के कुल 45 विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई, जिनमें कक्षा 6वीं 24 तथा कक्षा 9 वीं 21 छात्र-छात्राएं शामिल है। अतिथियों ने सभी हितग्राही छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं हार पहनाकर साइकिलें सुपुर्द कीं। साइकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम के अंत में शाला प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप-प्राचार्य संजय गवनेकर, श्रीमती अनुराधा परिहार, हितेश गणोड़कर, संजय पडोले, शेषराव सिंगपुरे, माध्यमिक शाला प्रभारी श्रीमती वैशाली कोरडे, श्रीमती प्रतिमा कुमरे, आलोक रजक, अरविंद उइके समेत समस्त शाला स्टाफ उपस्थित रहा।

## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज सौसर 27 अप्रैल** – नगर में सोमवार को गौ रक्षा और गौ संरक्षण के संकल्प के साथ एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। छत्रपति शिवाजी चौक से प्रारंभ हुई इस रैली में सैकड़ों की संख्या में गौ रक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए। रैली के दौरान पूरा शहर गौमाता की जय और गौ हत्या बंद करो के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा।



**प्रमुख मांगें और ज्ञापन**

रैली का समापन तहसील कार्यालय में हुआ, जहाँ गौ रक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से दो मांगें रखी गईं जिसमे देशभर में गौ-वंश की हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा प्रदान करने की मांग शामिल है

**सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व पर जोर**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वैष्णव खंडाईत एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौमाता केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संतुलन की धुरी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्राचीन काल से पूजनीय गौमाता की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

**शांतिपूर्ण शक्ति प्रदर्शन**

विशाल जनसमूह होने के बावजूद पूरी रैली शांतिपूर्ण रही। आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों और सनातन धर्म के अनुयायियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने सरकार से मांग की कि गौ संरक्षण हेतु सख्त कानून बनाए जाएं ताकि इस पवित्र जीव की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।